प्रादेशिक समाचार

22.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, नामांकन पत्रों की जांच में तीन प्रत्याशियों के पर्चे रद्द, चुनाव प्रचार ने पकड़ी रफ्तार।
2. रांची में सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि, खेल मंत्री ने दिया न्यौता, सीएम का भव्य और शानदार आयोजन पर बल।
3. अपराधियों के खिलाफ अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, लातेहार से पांच कुख्यात अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार।
4. पूरे राज्य में छठ महापर्व को लेकर तैयारियां तेज, रांची में 27 और 28 अक्तूबर को यातायात व्यवस्था में बदलाव, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लिया छठ घाटों का जायजा।
5. राज्य में फिर होगा मौसम में परिवर्तन, 24 से 27 अक्तूबर तक बारिश के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के तहत आज नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 17 अभ्यर्थियों में 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं। वहीं, तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रदद कर दिये गये।

****

इधर, घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। झामुमो कोटे के मंत्री घाटशिला में कैंप कर रहे हैं। मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने दावा किया है कि झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन रिकार्ड मतों से यह चुनाव जीतेंगे।

भाजपा की ओर से भी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य बड़े नेताओं ने मोर्चा संभाल रखा है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि पार्टी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पास लंबा राजनीतिक अनुभव है, जिसका लाभ उन्हें इस चुनाव में मिलेगा।

****

इस बीच भाजपा ने झामुमो पर तंज कसा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिहार में झामुमो का यह हश्र तो होना ही था।

****

राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज उनके आवासीय कार्यालय में राज्य के खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने मुलाकात की। इस दौरान श्री कुमार ने उन्हें चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन– सैफ सीनियर एथलेटिक्स चौंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। यह चैंपियनशिप 24 से 26 अक्टूबर तक राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होगी।

****

लातेहार पुलिस को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कुख्यात राहुल सिंह गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी चंदवा के पास एक कोयला लोडिंग साइट पर फायरिंग कर रंगदारी वसूलने की योजना बना रहे थे। अपराधियों के पास से कई हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

****

लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व 25 अक्तूबर से शुरु हो रहा है। राजधानी रांची समेत राज्य भर में छठ घाटों को अंतिम रुप दिया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न छठ घाटों पर सुरक्षा के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की जा रही है। रांची के एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि छठ के दौरान महिलाओं की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है।

छठ पर्व के मद्देनजर रांची में 27 और 28 अक्टूबर को ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। पर्व के दौरान सुगम यातायात और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है, जो इमरजेंसी को छोड़कर सभी वाहनों पर लागू होगी। इस बीच रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और वरीय पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने आज जिला प्रशासन की पूरी टीम के साथ शहर के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया।

****

राजधानी रांची में श्रद्धालुओं की सुविधा और व्रत की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने तालाबों की सफाई का अभियान तेज कर दिया है। रक्षा राज्यमंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने आज रांची में सफाई अभियान और सुविधाओं का जायजा लिया।

****

देवघर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं पर काम शुरु होगा। इसके लिए देवघर प्राइवेट बस स्टैंड की एक एकड़ दो डिसमिल भूमि पर्यटन विभाग को हस्तांतरित कर दी गयी है।

****

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा करते हुए 22 सितंबर को इसकी शुरूआत की। इस कड़ी में आज हम चर्चा कर रहे हैं जीएसटी सुधारों से लद्दाख की अर्थव्यवस्था में हुए लाभों की।

****

राज्य में इस बार छठ महापर्व पर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव के कारण राज्य में 24 से 27 अक्टूबर के बीच हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। रांची मौसम केंद्र ने इसके लिए अलर्ट जारी किया है।

*******समाप्त********